# NEW AL WUROOD INTERNATIONAL SCHOOL, JEDDAH

**(PEEVEES SCHOOLS, K.S.A.)**

Affiliated to CBSE – New Delhi.

## SUMMATIVE ASSESSMENT – 2 (2016 -2017)

**Subject: HINDI (SL)**

**Date: 08/03/2017** **Duration: 2½Hrs**

**Class: 8 Sec: ____** **Max. Marks: 90**

**Name: ______________________** **Roll No.: ______**

**Instructions to the Candidates:**

1. Please check that this question paper contains all the printed pages
2. All answers must be written in the provided answer sheet.
3. Read each question carefully and follow the instruction.
4. Do not exceed the prescribed word limit while answering the questions.
5. Do not split sections.

### खंड-क

**1. गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5x2=10m)**

पहनने-ओढ़ने की तरह खाने-पीने में भी उनके आचार-व्यवहार से बहुत लोग क्षुब्ध हो जाते थे । वे अपनी किसी भी कमज़ोरी को छिपाते न थे। अपने को साधारण आदमियों में गिनते थे । महामानव बनने और पूजा-वंदना कराने से उन्हें चिढ़ थी । उनके शरीर पर जनेऊ न देखकर एक पंडित जी ने कहा था," महारज, आप यज्ञोपवीत नहीं धारण करते ? " निराला जी ने कुछ रोष में कहा, " गुलाम देश में सब शुद्ध हैं, यहाँ ब्राहमण कौन है ? " मानो इसीलिए उन्होंने अपने गाँव के साधारण जनों से विशेष नाता जोड़ा था । जहाँ पुराणपंथी उनसे चिढ़ते थे, गरीब किसान उन पर जान देते थे।चतुरी चमार के लड़के को अपने घर पढ़ाते थे। लखनऊ में अपने होटल के सामने फ़ुटपाथ पर पड़ी रहने वाली एक पगली भिखारिन से उन्हें बहुत सहानुभूति थी । इसी कारण चतुरी और उस पगली पर अपने

अपूर्व रेखाचित्र लिख सके थे । रात में सोते समय अकसर जग जाते थे और घंटो छत पर या बरामदे में टहला करते थे। उस समय उनका मन किस दुख-सागर में डूबा रहता था, इसे उनके सिवाय कोई नही जानता । अपनी कन्या सरोज की मृत्यु से उन्हें गहरा धक्का लगा था। दु:ख के इस हृदय-मंथन से उन्होंने जो अमृत निकाला, वह उनकी अमर कविता 'सरोज स्मृति' थी । उन्होंने अपना ही दु:ख नहीं झेला, दूसरों के दु:ख से वे और भी व्यथित हुए। व्यथा ने उन्हें जर्जर कर दिया था। फिर भी अपने से अधिक दूसरों की व्यथा से पीड़ित होकर उन्होंने अपनी अस्वस्थता के दिनों में भी लिखा है- "माँ अपने आलोक निखारो, नर को नरकवास से वारो "

**क)** निराला जी से बहूत से लोग क्यों क्षुब्ध हो जाते थे?

**ख)** सरोज स्मृति कविता को किसका परिणाम कहा गया है ?

**ग)** निराला जी ने कविता " माँ अपने आलोक निखारो, नर को नरक वास से वारो ......" क्यों लिखी ?

**घ)**निराला जी किस के लड़के को अपने घर पर पढ़ाते थे ?

**ड.)**निराला जी को किसकी मृत्यु से गहरा धक्का लगा था ?

**2.गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चुनिए- (5X1=5m)**

बंगला के प्रसिद्ध साहित्यकार रवींद्रनाथ टैगोर को कौन नहीं जानता? उन्हें बचपन से ही कविताएँ पढने व् लिखने का चाव था । एक दिन उन्होंने अपने बड़े भाई से पूछा, " भइया, कविता क्या होती है?" भाई ने कहा, "कविता रस से भरी होती है और इसका रस लोगों को आनंद से भर देता है । बालक रवींद्र ने सोचा, कविता लिखने के लिए फूलों के रस से बढ़कर और कौन सा रस हो सकता है । अगले दिन उन्होंने ढेर सारे फूल तोड़े लगे उन्हें पीसने, पर रस तो निकला ही नहीं । बालक रवींद्र रुऑसे हो गए । शाम को भाई ने उनसे पूछा, " कविता लिखी क्या?" तभी उनकी दृष्टि फूलों पर पड़ी, तो उन्होंने पूछा, "ये क्या कर रहे थे?" रवींद्र बोले, " फूलों का रस निकाल रहा था, ताकि कविता लिख सकूँ । " यह सुनकर भाई रवींद्रनाथ के भोलेपन पर खिलखिलाकर हँस पड़े । तब उन्होंने रवींद्र को कविता लिखने का गुर समझाया ।

**उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चुनिए:**

क) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक चुनिए:

i)कविता का रस ii) फूलों की कविता iii) बगीचा iv) कविताएँ

ख) रवींद्रनाथ टैगोरे कौन थे?

i)वैज्ञानिक ii) लेखक iii) संस्थापक iv) अध्यापक

ग) बचपन से रवींद्रनाथ टैगोरे को किसका शौक था?

i)खेलने का ii) पढने का iii) कविता लिखने व् पढने का iv) शैतानी करने का

घ) फूलों के रस से बालक रवींद्रनाथ क्या करना चाहता था?

i) इत्र बनाना ii) रंग बनाना iii) तेल बनाना iv) कविता लिखना

ड़) 'रवींद्र' का सही संधि-विच्छेद करो :

i) रवि+इंद्र ii) रवी+इंद्र iii) रवीं+ इंद्र iv) रविं+द्र

## खंड-ख (25m)

**3. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए -** 4m

क) ऐब ख)लुप्त ग) कौमी घ)जतलाना ङ)पल्लव

च)प्रसन्नचित छ)शपथ ज) जीवनशैली

**4. निम्लिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-** 3m

क) कन्या ख) लालसा ग) तलवार

**5. निम्लिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-** 2m

क) ग्रामीण ख) विकसित ग) जीवित घ) स्वतंत्रता

**6. दिए गए शब्दों में से उपसर्ग, मूलशब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए -** 2m

क) अनुचित ख)अवगुण ग)नागरिक घ)सीमित

**7.मुहावरों के अर्थ लिखिए :** 2m

क)गोद सूनी करना ख)लोहा मानना

**8.लिंग बदलकर लिखो:** क) नेता ख) बछड़ा 2m

**9.वर्ण-विच्छेद कीजिए:** क) व्याकुल ख) अभिलाषा 2m

**10.क) अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए:** क)सोना ख)दल 2m

**ख) श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए-**क)दिन-दीन ख)ओर -और 2m

**11.निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए:** क) सु + अच्छा ख) प्रति + एक 2m

**12.नीचे लिखे वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए -** 2m

क) गावों के बाशिंदे ख) आम लोगों द्वारा गाये जाने वाले गीत

**खंड-ग** (30m)

**13. सही उत्तर चुनकर लिखिए -** **(8X1=8M)**

1) पद्मा अपने पिता का हत्यारा किसे मानती थी?

क़) अशोक को ख) अपने सेनापति को ग) दुर्भाग्य को

2) डॉक्टर कलाम ने इनमे से किनके साथ काम नही किया था?

क) प्रो. सतीश धवन ख) डॉक्टर होमी जहाँगीर भाभा ग) विक्रम साराभाई

3) गायें बेबस चली जाती हैं क्योंकि -

क) गावों में सूखा पड़ा है ख)घर सूना पड़ा है ग) गावों की आबादी बढ़ गयी है

4)नव पल्लव पर आभा की किरणें सजाने वाले कौन हो सकते हैं ?

क) सुखी संपन्न लोग ख) निर्धन लोग ग)कष्ट में पड़े लोग

5)बहन चुपके से गुड और चने क्यों चुरा लाई ?

क)भिकारी को देने ख)भाई को खिलाने ग)अपनी भूख मिटाने

6)सुनहली किरण कविता की कवयित्री हैं -

क)कीर्ति चौधरी ख) विमला पण्डे ग)महादेवी वर्मा

7)जुलुस पर गोली किसने चलाई?

क)बादशाह के सिपाहियों ने ख) खुद बादशाह ने ग)आतंकवादी ने

8)अशोक किस राज्य को जीतना चाहता था ?

क)कलिंग ख)अवंती ग)चेदी

14. **क)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(5X2=10m)**

प्र.1 कलिंग का युद्ध कितने समय से चल रहा था? इसका क्या परिणाम निकला?

प्र.2 भारत दुनिया के साथ चले, लेखक ने इसकी आवश्यकता पर बल क्यों दिया है ?

प्र.3 अशोक ने सब सैनिकों को तलवारें फेंकने का आदेश क्यों दिया ?

प्र.4 गाँव के लोग शहरों की ओर पलायन क्यों कर रहें हैं ?

प्र.5 बादशाह का क्या हुक्म था ? उसका हुक्म किसने तोडा ?

ख)प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए- (2x3=6m)

1. लेखक ने दुनिया को 'कांच के महल' जैसी क्यों कहा है ?
2. संपन्न वर्ग के लोग अपने जीवन को खुशहाल बनाने के लिए क्या-क्या कर रहे हैं?

**ग)आशय स्पष्ट कीजिए** - (2x3=6m)

क)शहद की एक बूँद ज्यादा मक्खियों को आकर्षित करतीं है, बजाय एक सेर ज़हर के ।

ख) सूख गयी गावों की आँतडियाँ,

दर्द सीने में भर

बेबस चली जाती हैं गायें

देहरी पर रंभाकर,

सूने घरों की आवाजें भी

अपने बाशिंदों को ढूँढती-फिरती हैं,

खंड-घ (20m)

15 .निम्नलिखित **किसी एक विषय** पर अनुच्छेद लिखिए - (5m)

**समय का सदुपयोग** अथवा **सच्चा मित्र**

16.गंदगी और कूड़े के कारण सोसाइटी में बढती बीमारियों के बारे में बताते हुए नगरपालिका को पत्र लिखिए - **(कोई एक)** (5m)

**अथवा**

अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव के बारे में बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए -

**17.बढती महंगाई को लेकर दो मित्रों के बीच 80 -100 शब्दों में संवाद लिखिए-**

**(5m)**

**18.बालों के तेल के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए - (5m)**

****************

مدرسة الورود الجديدة العالمية بجدة
قسم البنات
تحت إشراف وزارة التربية والتعليم
New AL WUROOD INTL SCHOOL-JEDDAH
Affiliated to CBSE New delhi
Affiliation No. 5730008



31